Rapid Fire करेंट अफेयर्स 8 अगस्त

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-august-08

- जम्मू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त होने के बाद पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री इमरान खान की अध्यक्षता में हुई नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल की बैठक में **भारत से राजनयिक संबंधों का स्तर घटाने** का फ़ैसला किया है। इसके तहत पाकिस्तान भारत में अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाया है और पाकिस्तान में भारतीय उच्चायुक्त को वापस भेज रहा है। साथ ही पाकिस्तान ने भारत के साथ **द्विपक्षीय संबंधों और समझौतों की समीक्षा करने** का निर्णय भी लिया है और इस मामले को **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद** में ले जाने की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा पाकिस्तान ने भारत के साथ **द्विपक्षीय व्यापार निलंबित** कर दिया है। ज्ञातव्य है कि पाकिस्तान भारत को ताज़े फल, सीमेंट, खनिज और अयस्क, तैयार चमड़ा, प्रसंस्कृत खाद्य, अकार्बनिक रसायन, कच्चा कपास, मसाले, ऊन, रबड़ उत्पाद, अल्कोहल पेय, चिकित्सा उपकरण, समुद्री सामान, प्लास्टिक, डाई और खेल का सामान निर्यात करता था, जबकि भारत से निर्यात की जाने वाले वस्तुओं में जैविक रसायन, कपास, प्लास्टिक उत्पाद, अनाज, चीनी, कॉफी, चाय, लौह और स्टील के सामान, दवा और तांबा आदि शामिल हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच 2017-18 में केवल 2.4 अरब डॉलर का व्यापार हुआ, जो भारत का दुनिया के साथ कुल व्यापार का 0.31% और पाकिस्तान के ग्लोबल ट्रेड का 3.2% है। कुल द्विपक्षीय व्यापार में करीब 80% हिस्सा पाकिस्तान में भारतीय निर्यात का है। इसके बाद हुए एक नए घटनाक्रम में पाकिस्तान ने **समझौता एक्सप्रेस** को रद्द करने का ऐलान किया है।
- विश्व संसाधन संस्थान के **'एक्वाडक्ट वाटर रिस्क एटलस'** ने 189 देशों तथा उनके राज्यों में जल संकट, सूखे की आशंका और नदियों में बाढ़ की आशंका को लेकर रैंकिंग जारी की है। इस रिपोर्ट में अत्यंत गंभीर जल संकट वाले देशों की सूची में भारत को 13वें स्थान पर रखा गया है और इसकी जनसंख्या इस श्रेणी के अन्य 16 देशों की जनसंख्या से तीन गुना से अधिक है। गंभीर जल संकट का सामना कर रहे इन 17 देशों में से 12 देश पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका के हैं। भारत के बारे में इस रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर भारत में भूजल स्तर गंभीर रूप से नीचे चला गया है और इसे पहली बार जल संकट की गणना में शामिल किया गया है। चेन्नई में हालिया जल संकट ने पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया है, लेकिन भारत के विभिन्न क्षेत्रों में भी गंभीर जल संकट की स्थिति है। भारत वर्षा, सतह एवं भूजल से जुड़े विश्वसनीय एवं ठोस डेटा की मदद से रणनीतियाँ बनाकर जल संकट का प्रबंधन कर सकता है। इस रिपोर्ट में जल संकट की पहचान करने के लिये 13संकेतकों का इस्तेमाल किया गया, जिनमें भूजल भंडार और उसमें लगातार आ रही कमी प्रमुख थी।

- भारत की **रिलायंस इंडस्ट्रीज** (RIL) ने ईंधन के रिटेल कारोबार के लिये ब्रिटेन की दिग्गज पेट्रोलियम कंपनी **ब्रिटिश पेट्रोलियम** (BP) के साथ एक नया संयुक्त उद्यम बनाने का फैसला किया है। इसके तहत दोनों कंपनियाँ मिलकर देशभर में रिटेल सर्विस स्टेशन नेटवर्क और विमानन ईंधन (ATF) कारोबार स्थापित करेंगी। यह उपक्रम आरआईएल और BP की लंबी अवधि की साझेदारी की अगली कड़ी है। इसकी शुरुआत वर्ष 2011 में हुई थी और वर्ष 2017 में इसका विस्तार हुआ था। दोनों कंपनियों के बीच नए समझौते के तहत अलग-अलग तरह के ईंधन और मोबिलिटी बिज़नेस विकसित करने के लिये एक साथ काम करने के विकल्प तलाशे जाएंगे। गौरतलब है कि ईंधन रिटेलिंग क्षेत्र में BP दुनिया की एक अग्रणी कंपनी है। इस उपक्रम का लक्ष्य अगले पाँच वर्षों में पेट्रोल पंपों की संख्या को 5500 तक पहुँचाना है। संयुक्त उपक्रम में रिलायंस की 51% और BP की 41% हिस्सेदारी होगी रिलायंस और BP के बीच यह तीसरा संयुक्त उपक्रम है। इस संयुक्त उद्यम में रिलायंस का **विमानन ईंधन कारोबार** भी शामिल होगा, जो देश के 30 हवाई अड्डों पर काम कर रहा है। इससे पहले BP ने वर्ष 2011 में रिलायंस के तेल व गैस क्षेत्रों में 30% हिस्सेदारी खरीदी थी। उसके बाद दोनों कंपनियों ने देश में गैस की सोर्सिंग और मार्केटिंग के लिये समान साझेदारी वाला संयुक्त उपक्रम बनाया था।
- बिहार के दो मेधावी युवाओं का चयन रूस के कज़ान सिटी में 22 से 27 अगस्त तक होने वाले **'वर्ल्ड स्किल्स कम्पीटिशन-2019'** के लिये किया गया है। पटना निफ्ट में फैशन टेक्नोलॉजी की छात्रा मेधा देवगन और गोपालगंज के छात्र अंकित आनंद इस छह दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अंकित कर्नाटक में एक फैशन इंस्टीट्यूट के छात्र हैं और इनका चयन भी बिहार कोटे से हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर कौशल प्रतियोगिताओं में कड़ी प्रतिस्पर्द्धा के बीच मेधा और अंकित आनंद का चयन हुआ है। ये दोनों देश भर में चुने गए 48 प्रतिभागियों में शामिल हैं। आपको बता दें कि विश्व स्तरीय कौशल प्रतियोगिता में पहली बार बिहार को प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है।